>

Title: Need to take effective measures to reduce the Maternal Mortility Rate in the country.

श्रीमती सीमा उपाध्याय (फतेहपुर सीकरी) सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य के तहत वर्ष 2015 तक भारी में गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर घटाने के लक्ष्य को स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने लक्ष्य को 100 के स्थान पर 150 कर दिया है।

रोचक बात यह है कि गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर में मौजूदा समय में जिस रफ्तार से कमी आ रही है उसमें अतिरिक्त प्रयास किए बिना ही समय रहते 143 तक पहुंचा जा सकता है।

मेरी मांग है कि सरकार आंकड़ों के उलट–फेर को छोड़ गर्भवती महिलाओं की मृत्युदर को रोकने हेतु सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य के तहत निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए हर संभव कदम उठाए।